लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2660
04 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

हथकरघा बुनकरों को वित्तीय सहायता

2660. श्री रॉबर्ट ब्रूस सी.:

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने किसी हथकरघा विकास योजना के अंतर्गत तिरुनेलवेली जिले के हथकरघा बुनकरों को केंद्रीय वित्तीय सहायता जारी की है;

(ख) यदि हां, तो स्वीकृत अथवा जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान कितनी भौतिक प्रगति हासिल हुई है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा तिरुनेलवेली जिले के लिए इस संबंध में आगे क्या कदम उठाए जाने का प्रस्ताव है तथा इसके लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) से (घ): वस्त्र मंत्रालय, तमिलनाडु सहित पूरे देश में हथकरघा क्षेत्र के समग्र विकास और हथकरघा कामगारों के कल्याण के लिए निम्नलिखित योजनाएं संचालित कर रहा है:

1. राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी);
2. कच्चा माल आपूर्ति योजना (आरएमएसएस);

उपर्युक्त योजनाओं के तहत, पात्र हथकरघा एजेंसियों/कामगारों को कच्चा माल, उन्नत करघे और सहायक उपकरण की खरीद, सोलर लाइटिंग यूनिट, वर्कशेड के निर्माण, कौशल, उत्पाद विविधीकरण और डिज़ाइन नवाचार, तकनीकी और सामान्य अवसंरचना, इंडिया हैंडलूम ब्रांड (आईएचबी), हैंडलूम मार्क (एचएलएम) और जीआई टैग के माध्यम से प्रचार और ब्रांड विकास, ई-कॉमर्स सुविधाएँ, घरेलू/विदेशी बाज़ारों में हथकरघा उत्पादों की मार्केटिंग, बुनकर मुद्रा योजना के तहत रियायती ऋण और सामाजिक सुरक्षा आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

एनएचडीपी के एक घटक लघु क्लस्टर विकास कार्यक्रम के तहत 2023-24 और 2024-25 के दौरान 78.31 लाख रुपये की राशि जारी की गई है, जिससे तमिलनाडु के तिरुनेलवेली ज़िले में 343 हथकरघा बुनकरों को लाभ प्राप्त हुआ है।

वस्त्र मंत्रालय द्वारा हथकरघा क्षेत्र में कार्यान्वित की गई योजनाओं के लिए बजट का आवंटन राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र के आधार पर नहीं किया जाता है। संबंधित योजनाओं के मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार, पात्र हथकरघा एजेंसियों से व्यावहारिक प्रस्ताव प्राप्त होने पर विभिन्न इंटरवेंशन्स हेतु निधियां जारी की जाती है। इन योजनाओं के तहत तमिलनाडु सहित पूरे देश में पिछले तीन वर्षों के दौरान आवंटित और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा इस प्रकार है:

(रू. करोड़ में)

योजना का नाम	**2023-24**		**2024-25**		**2025-26**		**2026-27 (30.06.2026 तक)**	
	बीई	**व्यय**	**बीई**	**व्यय**	**बीई**	**व्यय**	**बीई**	**व्यय**
राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम	190.00	186.36	195.84	195.51	234.84	234.32	205.00	88.62
कच्चा माल आपूर्ति योजना	160.00	159.72	172.17	172.16	219.00	218.96	200.00	63.20

इसके अलावा, तमिलनाडु में हथकरघा क्षेत्र को पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान निम्नलिखित सहायता प्रदान की गई है:

- 3,356 हथकरघा बुनकरों को लाभान्वित करते हुए 21.73 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता हेतु 20 लघु हथकरघा क्लस्टरों को लिया गया है।
- हथकरघा संवर्धन सहायता के तहत 5,466 बुनकरों को उन्नत करघे और सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए।
- 1,999 हथकरघा कारीगरों को कौशल उन्नयन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- हथकरघा उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने की सुविधा प्रदान करने के लिए 14 मार्केटिंग कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- उत्पादकता और मार्केटिंग क्षमताओं को बढ़ाने और बेहतर आय सुनिश्चित करने के लिए, 12 हथकरघा उत्पादक कंपनियों का गठन किया गया है।
- बुनकर मुद्रा योजना के तहत 13,790 लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराए गए।
- प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 1,35,000 लाभार्थियों का नामांकन किया गया है।
- परिवहन सब्सिडी और मूल्य सब्सिडी के तहत कुल 334.13 लाख किलोग्राम यार्न की आपूर्ति की गई।

*****